**चयन** | मां के बिना पले छात्र ने जबलपुर सहित मप्र का किया प्रतिनिधित्व, देश भर से कुल 12 छात्र हुए थे चयनित

# मॉडल हाईस्कूल के छात्र ने पीएम नरेंद्र मोदी से किया संवाद

**परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का प्रदेश के स्कूलों में हुआ सीधा प्रसारण, आईएएस-आईपीएस अधिकारी बनने का है सपना**



**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को देश भर के 12 विद्यार्थियों से सवाल-जवाब किए। देश भर के 12 छात्रों में से एक जबलपुर के मॉडल हाई स्कूल स्कूल में पढ़ने वाला कक्षा 11वीं का छात्र आयुष तिवारी भी शामिल रहा जिसने न सिर्फ अपनी योग्यता से जबलपुर का नाम रोशन किया बल्कि पूरे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व भी किया।

पीएम नरेंद्र मोदी से बातचीत करने वाले छात्र आयुष तिवारी ने नवभारत को बताया कि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के लिए देश भर के छात्रों को दो विषय दिए गए थे और उस विषय पर एक एक मिनिट का वीडियो बनाकर भेजने कहा गया था। निर्देशों के बाद उसने अपना वीडियो बनाकर भेजा और फिर भारत शिक्षा मंत्रालय ने वीडियो को सिलेक्ट करके आयुष को पीएम से बात करने का मौका प्रदान किया। वहीं आयुष के पिता ने भी जानकारी दी कि उनके बेटे आयुष का सपना है कि वो बड़े होकर आईएएस, आईपीएस अधिकारी बने। आयुष के पिता के अनुसार कई साल पहले उनका पत्नि के साथ तलाक हो गया था और उसके बाद उन्होंने दूसरी शादी नहीं की। अपने बेटे आयुष के साथ ही जिंदगी जीने का फैसला लिया।

### 2018 से लगातार हो रहा आयोजन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2018 से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान परीक्षाओं के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम का 9 वां संस्करण था। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश भर से आये विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न संचार माध्यमों पर किया गया।

### शिक्षा मंत्री ने भी सुने परीक्षा मंत्र


परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नरसिंहपुर जिले के ग्राम तेंदूखेड़ा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री के परीक्षा मंत्र सुने। मंत्री श्री सिंह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से प्रधानमंत्री के द्वारा दिए गए सूत्रों और विचारों को आत्मसात कर परीक्षाओं की तैयारी करने का आग्रह किया।

### लेसन प्लान विद्यार्थियों के साथ पूर्व से ही साझा करें : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद कर परीक्षा से जुड़े तनाव और शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के उत्कृष्ट विद्यालय, जबलपुर के छात्र आयुष तिवारी ने प्रधानमंत्री से प्रश्न किया कि कई बार वे शिक्षकों की पढ़ाने की गति से तालमेल नहीं बिठा पाते हैं, उसे कैसे मैच करें? इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को समझाते हुए शिक्षकों से भी आग्रह किया कि अपने अध्यापन की स्पीड विद्यार्थियों के सीखने की गति के अनुरूप रखें। लेसन प्लान विद्यार्थियों के साथ पूर्व से ही साझा करें। विद्यार्थी वह चेप्टर पहले से पढें, अध्ययन करें जो शिक्षक भविष्य में कक्षा में पढ़ाने वाले हैं। उन्होंने ये भी कहा कि शिक्षकों की गति से सामंजस्य बैठाने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि पहले मन को जोतो, फिर मन को जोड़ो। उसके बाद पढ़ाई के विषय शुरू करो। प्रधानमंत्री के अनुसार मन को जोतने का अर्थ है, विषय की तमाम जानकारियां जुटाना और जोड़ने का अर्थ है, एकाग्रता बनाए रखना। इससे आपकी समझ मजबूत होगी और आप एक कदम आगे चलेंगे। जानकारी के अनुसार प्रदेश के स्कूलों में टीवी प्रसारण के अलावा, इंटरनेट एक्सेस डिवाइस (कंप्यूटर, लैपटॉप इत्यादि) पर भी कार्यक्रम देखने की सुविधा स्थापित की गई थी।

### 9 फरवरी को होगा अगला प्रसारण

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का अगला प्रसारण 9 फरवरी 2026 को होगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न अंचलों के विद्यार्थियों के साथ चर्चा करेंगे। यह कार्यक्रम विभिन्न संचार माध्यमों पर सुबह 10 बजे से प्रसारित किया जायेगा। प्रदेश के विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।



## एमएलबी स्कूल के साथ जिले में कई जगह आयोजित हुआ कार्यक्रम

**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायी पहल 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम का नवां संस्करण शुक्रवार को पूरे देश में एक साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण देशभर के सभी विद्यालयों में किया गया, जिसे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक देखा। जबलपुर जिले का मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय मॉडल स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अशोक रोहाणी, विशिष्ट अतिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव तथा भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण देखा एवं इसकी सराहना की। इस मौके पर पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 11 वीं के छात्र आयुष तिवारी को प्रधानमंत्री श्री मोदी से संवाद करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने सहभागिता की। इसके साथ ही कुंडम छपरा स्थित सांदीपनी विद्यालय में भी 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायकसंतोष बरकड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### एक नजर में



## पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**नवभारत, जबलपुर।** पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। संगठन के संस्थापक ठाकुर दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्था पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन के वार्षिक कैलेन्डर का विमोचन द्योगपति फिनिक्स ग्रुप के चेयरमेन सुमित विश्वनाथ दुबे कालिया के कर कमलों के द्वारा किया गया। पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन के वार्षिक कैलेन्डर विमोचन समारोह में प्रमुख अतिथि सुमित विश्वनाथ दुबे कालिया, वरिष्ठ समाजसेवी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष विजय कांडा, कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी, पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन के संस्थापक ठाकुर दीपक सिंह राजपूत, युवा सचिव अनुज सिंह ठाकुर, एडवोकेट धीरज सिंह ठाकुर, पिंकी ठाकुर, नरेश चिन्टू राजपूत, गोल्डी यादव, प्रवीण सिंह बैस, मनीष ठाकुर, जी.एस. राजपूत, राजेश पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।



## योजनाओं से वंचित नागरिकों को मिला लाभ

**नवभारत, जबलपुर।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत रांझी मोनी तिराहा के समीप शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया जिसमे शासन की विभिन्न लाभान्वित योजनाओ का केंट विधानसभा के नागरिकों को केंट विधायक अशोक रोहणी एवं समस्त पार्षद व नगर निगम जोन रांझी प्रभारी नरेश शर्मा के द्वारा रांझी रहवासियों को शासकीय योजनाओ से वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाया।

## जिला न्यायालय में लगा स्वास्थ शिविर

**अधिवक्ताओं ने कराया परीक्षण**

**नवभारत, जबलपुर ।** शासकीय सेठ गोविंद दास विक्टोरिया जिला चिकित्सालय जबलपुर के सहयोग से जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर की पहल पर जाँच परीक्षण एवं चिकित्सीय सुविधा हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 06 फरवरी शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ भवन के सभागार में कृष्णमूर्ति मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर के मुख्य अतिथ्य में एवं जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा की अध्यक्षता में एवं मुख्य चिकित्साधिकारी संजय मिश्रा के विशिष्ट अतिथ्य में प्रात: 11 बजे माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। इस स्वस्थ्य शिविर में चिकित्सक डॉ. आलोक श्रीवास्तव मेडिसीन विशेषज्ञ, डॉ. अमित अग्रवाल, ई.एन.टी. विशेषज्ञ, डॉ. ऋषिकेश बकोडे, अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. एहतेशाम अंसारी, नेत्र रोग चिकित्साधिकारी, डॉ. वीरेन्द्र पटेल, नेत्र रोग सहायक, डॉ. निमिशा शर्मा, डी.आर.पी चिकित्सक सर्जरी, डॉ. स्नेहा सुप्रिया झा, दंत रोग चिकित्सक, डॉ. नम्रता कुमारी सिंह आयुष इंटर्न चिकित्सक अपनी टीम सहित उपस्थित रही।



### इनका रहा विशेष सहयोग

स्वास्थ्य शिविर के दौरान लगभग 465 अधिवक्तागणों द्वारा स्वास्थ्य शिविर का लाभ अर्जित किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष मिश्रा, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, मनोज तिवारी, ज्योति राय, मनोज शिवहरे, विनोद विश्वकर्मा, शैलेन्द्र, रवीन्द्र दत्त, सुदीप सिंह सैनी, प्रशांत नायक एवं सैकड़ों की संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



## एपीएन महाविद्यालय में कमांडिंग ऑफिसर का निरीक्षण

**नवभारत,जबलपुर।** बटालियन के कमाडिंग ऑफिसर कर्नल नितिन शर्मा द्वारा एपीएन महाविद्यालय की एन.सी.सी. सब यूनिट का निरीक्षण किया गया। कर्नल शर्मा द्वारा महाविद्यालय परिसर के साथ एन.सी.सी. कक्ष का निरीक्षण किया, जिस दौरान एन.सी.सी. के समस्त रिर्काड्स की जांच की गई। इसके बाद वे कैडेट्स से मिले। इस मौके पर कैडेट्स ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये फिर महाविद्यालय की एन.सी.सी उपलब्धियों एवं गतिविधियों का वीडियो क्लिप प्रस्तुत की गयी। कर्नल शर्मा द्वारा महाविद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या डॉ सोनल खरे, एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डा0 दिव्या पाराशर एवं एन.सी.सी. कैडेट्स को उनको उपलब्धियों के लिये बधाई दी। महाविद्यालय के रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय में हर प्रकार से एन.सी.सी. को आगे बढाने के लिये वचनबद्ध है। संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव द्वारा कर्नल शर्मा के आगमन पर हर्ष व्यक्त किया। एन.सी.सी. निरीक्षण के दौरान बटालियन के सूबेदार गोपाल सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों की अहम भूमिका रही।



## निगमायुक्त ने की दिव्यांग बच्चों से मुलाकात

**नवभारत, जबलपुर।** स्नेह नगर स्थित विकलांग सेवा भारती में नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा दिव्यांग छात्र- छात्राओं से मुलाकात की गई। इस मौके पर निगमायुक्त ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे फिजियोथैरेपी वोकेशनल सेंटर कंप्यूटर कक्ष को बड़ी बारीकी से देखा और संस्था के शिक्षकों को धन्यवाद दिया कि आप लोग इन दिव्यांगों को अपना समझकर ईश्वर तुल्य मानव की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर सचिव मिताली बैनर्जी,एलिक डिसूजा,दीपक संघी, प्राचार्य राकेश शर्मा ,सचिन प्रजापति, अशोक विश्वकर्मा सहित संस्था का समस्त सदस्य मौजूद रहा।

## महर्षि महेश योगी वार्ड के नागरिकों को मिली विकास कार्यो की सौगात

**1 करोड़ रूपये की लागत से होंगे विकास कार्य**

**नवभारत,जबलपुर।** महर्षि महेश योगी वार्ड के नागरिकों को 1 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात मिली है। शुक्रवार को

महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर ने निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, पार्षद विमल राय के साथ विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने कहा कि महर्षि महेश योगी वार्ड के आलोक नगर के नागरिकों को एक बहुत सुन्दर और सुव्यवस्थित जहाँ पर सारी व्यवस्थाएँ उपलब्ध है पार्क का लोकार्पण कर समर्पित किया गया।




उन्होंने बताया कि यहां पर बच्चों से लेकर सम्माननीय हमारे पूज्य बुजुर्गों के स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए भी व्यवस्थाएँ विकसित की गयी है। पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर ने कहा कि आलोक नगर पार्क के लोकार्पण से यहाँ के नागरिकों को सुबह के समय स्वच्छ वातावरण में टहलने तथा स्वास्थ्य लाभ लेने का बेहतर अवसर मिलेगा।

### पुष्पक नगर में सुंदर पार्क की तैयारी

कार्यक्रम के दूसरे चरण में पुष्पक नगर उद्यान में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं पूर्व मंत्री अंचल सोनकर ने क्षेत्रीय नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पुष्पक नगर में बहुत जल्द एक व्यवस्थित और सुंदर पार्क तैयार कर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ पार्कों का विकास वार्ड के निवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक होगा। भूमिपूजन के अवसर पर पार्षद अब्दुल हमीद, ऋषि मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, हरिराम तिवारी, सतीश साहू, सीनू विशवकर्मा, वरुण सिंह, ललित नागले, अजीत सिंह, योगेंद्र राजपूत, अरविंद झा, श्रीमती माया मिश्रा, पूजा राठौर, स्वाति रैकवार, दुर्गा पटेल, अमित श्रीवास, शुभम तिवारी, आकाश यादव, दिनेश सिंह, अरविंद भार्गव, संदीप श्रीवास्तव, हेमराज उपाध्याय, दिनेश सेन, के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनों की उपस्थिति रही।

## श्री गजानन महाराज प्राकट्य महोत्सव आज से, शुरू होंगे विविध आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** श्री गजानन महाराज प्राकट्य (जन्मोत्सव) महोत्सव के अवसर पर श्री गजानन मंदिर यादव कालोनी में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। 34वें महोत्सव में दो दिवसीय भव्य आयोजन में 7 फरवरी को माता की चौकी देवी जागरण, 8 फरवरी को प्रात: 10:00 बजे से गणपति अथर्वशीष, सहस्त्रार्चन, रूद्राभिषेक, श्री गजानन महाराज का अभिषेक, दोपहर 12:00 बजे हवन होम, आरती, महाप्रसाद दोपहर 1:00 बजे से, दोपहर 4:00 बजे से विशाल पालकी शोभायात्रा काली मंदिर से प्रारंभ होकर जय नगर, यादव कालोनी, स्नेह नगर लेबर चौक से भ्रमण करते हुए गजानन मंदिर यादव कालोनी में संपन्न होगी।



इस अवसर पर उपस्थित होकर पुण्यार्जन करने का आग्रह विनोद देवी, सदाशिव राव कुलकर्णी, राधवेंद्र यादव, रंजीत सिंह ठाकुर, रंजीत पटेल, राकेश पटेल, अभय पालकी, सच्चिदानंद शेकटकर, गिरीश मैराल, चिन्मय जोशी, हर्षल पुणतांबेकर, विध्येश भापकर सहित भक्त मंडल ने किया है।

**पहल** | प्रतिदिन 800 टन कचरा जलाकर 11 .5 मेगावाट बिजली का हो रहा उत्पादन

# स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए वरदान बनेगा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट : निगमायुक्त

**नवभारत,जबलपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नगर निगम ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शहर को कचरा मुक्त बनाने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने में 'वेस्ट टू एनर्जी' प्लांट मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह प्लांट न केवल शहर की गंदगी को साफ कर रहा है, बल्कि प्रतिदिन 800 टन से अधिक कचरे का वैज्ञानिक रूप से निस्तारण कर 11.5 मेगावाट बिजली का उत्पादन भी कर रहा है। यह कचरा प्रबंधन का एक ऐसा मॉडल है जहाँ अपशिष्ट अब बोझ नहीं, बल्कि एक मूल्यवान संसाधन बन गया है।



निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने निगम अधिकारियों अपर आयुक्त अरविन्द शाह, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक यंत्री एवं स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, संभागीय अधिकारी प्रदीप मरावी, संभागीय यंत्री देवेन्द्र चौहान, पवन सिंह ठाकुर, आशीष पाटकर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, पोला राव, एवं कम्पनी के प्रतिनिधियों क्रमश: शीतेष पाण्डेय, नरेन्द्र सहारे, रोमेश त्रिपाठी आदि के साथ प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्लांट की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर निगम का यह वेस्ट टू एनर्जी प्लांट पूरी क्षमता से कार्य कर रहा है यह स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए वरदान बनेगा। उन्होंने कम्पनी के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि दिन-रात प्लांट चालू कर एकत्रित कचरे का निष्पादन वैज्ञानिक तरीके से शीघ्रता के साथ कराएं।

### मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी प्लांट का भी निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी प्लांट को देखा जहाँ कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में बांटा जाता है, इसके साथ-साथ सी एण्ड डी प्लांट का भी अवलोकन किया जहाँ निर्माण और विध्वंस से निकलने वाले मलबे का प्रबंधन किया जाता है। उन्होंने डॉग हाउस में डॉग के लिए बनाई गई व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्लांट में निर्मित हो रहे पेवर ब्लॉक के साथ-साथ अनुपयोग प्लास्टिक का री-यूज आदि कार्यों को भी देखा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरे प्लांट परिसर में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता हमारी प्राथमिकता है और इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।